ओ खाटू वाले कर दो मेरा काम रे

ओ खाटू वाले कर दो,मेरा काम रे
रात दिन जपु मैं तो,तेरा नाम रे

दीनो के तुम सेठ साँवरे,हारे के तुम साथी
जिसने तेरी अलख जगाई,उसकी विपदा काटी
मैं भी हार के आया,तेरे खाटू धाम रे
ओ खाटू वाले कर दो.......

दुनिया मे तेरी करुणा के मैंने,बहुत सुने है चर्चे
अपने प्रेमी को बाँटे तू,हाथों हाथ पर्चे
करुणानिधि हाथ,इस सेवक का थाम रे
ओ खाटू वाले कर दो.......

काम कोई ऐसा मुश्किल नाही,जो तू कर ना पावे
तेरे भरोसे दूर दूर से,प्रेमी दौड़े आवे
"रूबी रिधम"की अर्ज़ी,तू सुन ले श्याम रे
ओ खाटू वाले कर दो.......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/10859/title/o-khatu-vale-kardo-mera-kaam-re

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |